सार-समाचार

ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु श्रीगंगानगर-लक्ष्मीबाई नगर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर (कासं)। रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियो की सुविधा हेतु श्रीगंगानगर-लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर)-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04735, श्रीगंगानगर-लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 02.04.26 से 09.07.26 तक (15 ट्रिप) श्रीगंगानगर से प्रत्येक गुरूवार को 12.50 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 09.55 बजे लक्ष्मीबाई नगर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04736, लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर)-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 03.04.26 से 10.07.26 तक (15 ट्रिप) लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) से प्रत्येक शुक्रवार को 13.55 बजे रवाना होकर शनिवार को 12.20 बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी। इस रेलसेवा में 01 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 11 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड श्रेणी सहित 20 डिब्बे होगें।

सुगम रेल संचालन हेतु रतलाम-नीमच रेलखण्ड के मध्य दोहरीकरण कार्य

उदयपुर सिटी-रतलाम-उदयपुर सिटी रेलसेवा रहेगी आंशिक रद्द

जयपुर (कासं)। पश्चिम रेलवे पर रतलाम मंडल के रतलाम-नीमच रेलखंड के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित उदयपुर सिटी- रतलाम-उदयपुर सिटी रेलसेवा आंशिक रद्द रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पष्चिम रेलवे पर सचांलित निम्न रेलसेवाएं आंशिक रद्द रहेगी।

आंशिक रद्द रेलसेवाएं: गाडी संख्या 19328, उदयपुर सिटी-रतलाम रेलसेवा 28.03.26 व 29.03.26 को उदयपुर सिटी से प्रस्थान करेगी वह नामली स्टेशन तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा नामली-रतलाम के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाडी संख्या 19327, रतलाम-उदयपुर सिटी रेलसेवा 28.03.26 व 29.03.26 को रतलाम के स्थान पर नामली स्टेशन से प्रस्थान करेगी। अर्थात यह रेलसेवा रतलाम- नामली के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

भक्ति और उल्लास के साथ मनाया रामनवमी महोत्सव, गूंजे राम नाम के जयकारे

जयपुर (कासं)। आदर्श नगर स्थित श्री राम मंदिर में गुरुवार को रामनवमी महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी और पूरा वातावरण 'जय श्री राम' के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। महोत्सव की शुरुआत भगवान श्री राम की नित्य मंगला आरती से हुई। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत हवन का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्री श्याम जी रामायणी द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का भावपूर्ण पाठ किया गया, श्रद्धालुओं ने साथ साथ पाठ किया। मध्यान्ह 12 बजे भगवान श्री राम के प्राकट्य उत्सव पर विशेष आरती की गई। इससे पूर्व पंडित बनवारी लाल शर्मा ने विधि-विधान से पंचामृत अभिषेक कराया। इसके बाद भगवान को पीत एवं गुलाबी रंग की आकर्षक पोशाक धारण कराई गई औरऋतु पुष्पों से मोहक श्रृंगार किया गया। सजे-धजे मंदिर की छटा देखते ही बन रही थी।



महिला मंडल द्वारा भक्ति गीतों और बधाई गानों की प्रस्तुति ने माहौल को और भी भावविभोर कर दिया। पलकें ही पलकें बिछाएंगे, आज राम जी घर आएंगे... जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा परिसर भक्तिरस में डूब गया।

मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरचरण लेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर 12:30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था सुव्यवस्थित रही और श्रद्धालुओं ने अनुशासनपूर्वक प्रसाद का आनंद लिया। महोत्सव के सफल आयोजन में मंदिर प्रन्यास के पदाधिकारियों, महिला मंडल, युवा साथियों और श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

जयपुर में हिमालयन काले भालुओं की नई जोड़ी आकर्षण का केंद्र

वन मंत्री ने एनक्लोजर का उद्घाटन कर किया लोकार्पण

जयपुर (कासं)। नाहरगढ़ जैविक उद्यान, जयपुर में पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण जुड़ गया है। जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर) से लाए गए एक नर एवं एक मादा हिमालयन काले भालू को गुरूवार से आमजन के अवलोकन के लिए प्रदर्शित किया गया। वन, पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने गुरूवार को एनक्लोजर के डिस्प्ले एरिया का फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन किया। इसके साथ ही दोनों भालुओं को पर्यटकों के लिए खोला गया। उद्यान प्रशासन के अनुसार नर भालू की आयु लगभग 30 माह तथा मादा भालू की आयु लगभग 21 माह है। मंत्री ने नर भालू का नाम 'हरि' और मादा भालू का नाम 'कमला' रखा। इस अवसर पर बाघ शिवाजी एवं बाघिन रानी के पांच शावकों का नामकरण भी किया गया। नर शावकों के नाम 'सूर्या', 'शौर्य' और 'विजय' जबकि मादा शावकों के नाम 'अम्बे' और 'वृंदा' रखे गए। वन मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने जैविक उद्यान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) पवन कुमार उपाध्याय तथा मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के.सी.ए अरुण प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव का नीमराना औद्योगिक क्षेत्र का दौरा

सरकार की योजनाओं और औद्योगिक नीतियों से मिल रही रफ्तार- मुख्य सचिव

जयपुर (कासं)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को कोटपूतली-बहरोड़ के रीको नीमराना औद्योगिक क्षेत्र का दौरा कर औद्योगिक इकाइयों की कार्यव्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्योगों को प्रोत्साहन देने और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण सुदृढ़ करने के निर्देश दिए, जिनके लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न नीतियों के माध्यम से प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि उद्योग और निवेश आर्थिक समृद्धि के प्रमुख आधार हैं तथा उद्यमी राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

डाइकिन एयर-कंडीशनिंग इंडिया प्रा. लि. का निरीक्षण-

मुख्य सचिव ने इस दौरान जापानीज जोन की डाइकिन एयर-कंडीशनिंग इंडिया प्रा. लि. का निरीक्षण कर वहां की आधुनिक तकनीक और उत्पादन क्षमता का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के प्रयासों से राज्य में निवेश को गति मिली है और उद्योगों के लिए बेहतर वातावरण विकसित हुआ है। उन्होंने उन्नत तकनीक आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कंपनी के जापानी और भारतीय प्रतिनिधियों एवं रीको के अधिकारियों से चर्चा कर क्षेत्र की औद्योगिक प्रगति और निवेश की स्थिति की प्रारंभिक जानकारी प्राप्त की, साथ ही शोर्ट वीडियो के माध्यम से कंपनी की कार्यप्रणाली को जाना एवं राजस्थान में जापनीज निवेशकों और कंपनियों के साथ भविष्य में

राजस्थान में और अधिक निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।

उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक-

डीजेआईएमई नीमराणा में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने नीमराना औद्योगिक संघ तथा भारतीय एवं जापानी कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने उद्योगपतियों की समस्याएं, प्रस्ताव एवं सुझावों को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान व आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी, सीएनजी और पेट्रोल डीजल उपलब्ध है, निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रहे है। उन्होंने कहा कि राजस्थान तेजी से एक प्रमुख औद्योगिक गंतव्य के रूप में उभर रहा है और सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है।

उन्होंने 'मेक इन इंडिया' के तहत उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे राज्य की औद्योगिक पहचान और सुदृढ़ होगी। मुख्य सचिव ने बताया कि वह नीमराना मॉडल ऑफ मैन्युफैक्चरिंग का अध्ययन करने आए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस मॉडल को और अधिक सुदृढ़ करना चाहते हैं।

बैठक में उद्योगों के साथ समन्वय को और अधिक व्यवस्थित करने, नए रीको क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को बढ़ाने तथा जापानी सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि जेट्रो के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के जापान दौरे के दौरान हुए विचार-विमर्श के बिंदुओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा की विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में नीमराना मॉडल ऑफ मैन्युफैक्चरिंग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीमराना औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाए तथा निवेशकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उद्योगों से संबंधित सभी अनुमतियां समयबद्ध रूप से प्रदान की जाएं ताकि अनावश्यक देरी न हो। साथ ही उद्योगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, रोजगार एवं कौशल विकास के अधिक अवसर सृजित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उद्यमियों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय से ही प्रदेश की विकास यात्रा को नई गति मिल सकेगी।

श्री शिव महापुराण कथा का समापनः देशभर से पहुंचे लाखों श्रद्धालु

जयपुर (कासं)। जयपुर परिवार सेवा ट्रस्ट के बैनर तले मानसरोवर स्थित वीटी रोड मेला ग्राउंड पर पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वालों की चल रही श्री शिव पुराण कथा का समापन गुरुवार को हुआ। इस मौके पर देष के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु पहुंचे और भोले बाबा के वाणी को अपने जीवन में आत्मसात कर प्रफुल्लित हो उठे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हजारों आत्मतल्लीन श्रद्धालु कर दिया मालामाल काशीवाले ने...दुनिया में हम आए है तो जीना पड़ेगा..... जैसे भजनों की स्वर लहरियों व झूमते नाचते आए। इधर भोले बाबा की भक्ति में मग्न हजारों श्रद्धालुओं से कार्यक्रम स्थल खचाखच भरा रहा। बीच-बीच में श्रद्धालु जयकारे लगाकर वातावरण को

भक्तिमय बना रहे थे।

इस अवसर पर कथा सुनाते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले ने कहा कि आज दुर्गाष्टमी है शक्ति और शिव का पावन दिवस। पंडित मिश्रा ने मां जगदंबा की भक्ति, शिव महापुराण के गूढ़ रहस्यों और शिव-शक्ति की एकात्मता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवरात्रि में शिवालयों में दीपदान, माता को कमल का फूल अर्पित करने, और 'श्री शिवाय नमस्तुभ्यं' मंत्र के साथ मनोकामना पूर्ति के सरल उपाय बताए हैं, जो जीवन की समस्याओं को हरने वाले हैं। उन्होंने बताया कि शिव और शक्ति अलग नहीं हैं, बल्कि एक ही सत्ता हैं, शक्ति के बिना शिव अधूरे हैं।उन्होंने माता रानी को प्रसन्न करने के लिए विशेष उपाय बताए हैं, जिसमें माता की कृपा से सफलता की प्राप्ति होती है। पं.मिश्रा ने आगे कहा कि जैसे अंधे के पास छड़ी होती है,वह कभी गड्ढे या फिर कहीं भी नहीं गिरता है। छड़ी के सहारे अपनी मंजिल को पा ही लेता है,ठीक उसी तरह तुम्हारे पास परमात्मा रूपी छड़ी है,वह आपको कभी ना गिरने देगी और ना ही कोई क्षति होने देगी, इसलिए सच्चे मन से भोले बाबा का स्मरण करों। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान जैसी मर्यादा, तीर्थ, मनुहार, सत्कार पूरे देष में कहीं भी नहीं है। यह केवल राजस्थान में ही बोला जाता है 'आओ पधारो नी म्हारो देश'। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि महादेव ही जीवन के विष (दुःख, रोग, कष्ट) को तारते (सुख, मोक्ष, समाधान) हैं।

प्रदेश के छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया 27 मार्च से प्रारंभ, प्रथम मेरिट सूची होगी 10 अप्रैल को जारी

जयपुर (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के निर्देश पर विभाग द्वारा संचालित राजकीय एवं अनुदानित छात्रावासों (विद्यालय स्तर) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 27 मार्च से ऑनलाइन माध्यम से प्रारंभ कर दी है। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने बताया कि छात्रावासों में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट sso.rajasthan.gov.in एवं नवीन प्रवेश पोर्टल SJMS के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

उत्तर मध्य रेलवे

No. AGC/TRD/T/2026/05 दिनांकः 24.03.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (कर्षि0.), उत्तर मध्य रेलवे आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

निविदा संख्या.: AGCTRDT202605, कार्य का नामः आगरा मंडल के अंतर्गत पहले से ही विद्युतीकृत खंड में स्थित मौजूदा गैर-विद्युतीकृत साइडिंग का विद्युतीकरण।

अनुमानित लागत : ₹ 1,30,92,844.90/-	धरोहर राशि : ₹ 2,15,500.00/-
कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 माह	

नोटः- 1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा व भरा जा सकते है। 2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 15.04.2026 को 15:30 बजे तक भरा जा सकता है। 663/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उप निरीक्षक भर्ती-2024: 9 अप्रैल से शुरू होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा

जयपुर (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा आयोजित उप निरीक्षक (दूरसंचार) संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2024 के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण अपडेट है। लिखित परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन आगामी 9 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक राजस्थान पुलिस अकादमी पानीपेच, जयपुर में किया जाना प्रस्तावित है। भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड के उप महानिरीक्षक पुलिस मनोज कुमार ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र शीघ्र ही जारी कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से इन्हें ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन किया लोकार्पण

जयपुर (कासं)। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा गुरुवार को चूरू जिले के तारानगर स्थित मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में भामाशाह ताराचंद गोयल द्वारा नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया तथा भवन का अवलोकन कर निर्माण कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग शिक्षा, विज्ञान और तकनीक का है। युवाओं को अपना लक्ष्य तय कर एकाग्र एवं समर्पित होकर अपने सपनों को साकार करना चाहिए।

अपने पुरुषार्थ से अर्जित कमाई का शिक्षा जैसे पुण्य कार्य के लिए दान करने वाले लोग सदैव अभिनंदन के योग्य हैं। उप मुख्यमंत्री ने भामाशाह ताराचंद गोयल एवं विम्मी गोयल द्वारा स्व. राधाकृष्ण भगत एवं स्व. नारायणी देवी भगत की स्मृति में गोयल परिवार की सराहना करते हुए कहा कि चूरू शिक्षा, सेवा और संस्कृति

के लिए काम करने वाले लोगों की धरती है। सक्षम एवं सफल व्यक्ति को समाज में दूसरे लोगों की मदद करनी चाहिए । उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के दिए मंत्र 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' को उद्धृत करते हुए कहा कि शिक्षा का प्रकाश हर व्यक्ति, हर घर तक पहुंचना चाहिए। इसी दृष्टिकोण के साथ राज्य सरकार प्रदेश के शैक्षणिक विकास के लिए अभूतपूर्व काम कर रही है। उन्होंने विज्ञान भवन निर्माण की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए युवाओं से कहा कि यह आपके सपनों की प्रयोगशाला है, यहां नए विचारों का जन्म होगा और आपके सपनों को उड़ान मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, भारतीय पैरालिंपिक कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं आमजन मौजूद रहे।

PUBLIC NOTICE

This Notice is being issued by Svatantra Micro Housing Finance Corporation Limited (CIN: U67190MH2008PLC182274) (SMHFC) pursuant to Para 11 of the Reserve Bank of India (Non-Banking Financial Companies Branch Authorisation) Directions, 2025 whereby it is intimated that SMHFC is closing its Office situated at Ground Floor, Shop No-15 & 16, Pink City Market, Paldi Meena, Agra Road, Jaipur Bagru, Jaipur, Rajasthan-302002, w.e.f. 27-06-2026 due to administrative reasons.

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623 Registered Office: W - 4/ 636A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर रिटायर्कर्ज़ी और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.04.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आइटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

शिविरों की सूची :

जयपुर, प्रताप नगर जयपुर, 114240700031367, वैशाली नगर जयपुर, 111120700020984,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के जरिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फाइनेंस लि. हेतु

उत्तर पश्चिम रेलवे — **शुद्धि पत्र**

ई-निविदा सं 24-EL-BKN-E-Tender-25-26R जो दिनांक **08.04.2026** को तथा ई-निविदा सं 36-EL-BKN-E-Tender-25-26 जो दिनांक **13.04.2026** को खुलनी है की धरोहर राशि मे संसोधन किया गया है जो की निम्न प्रकार से है : **निविदा संख्या** : 24 EL-BKN-E-Tender-25-26R **कार्य का विवरण** : Electrical work in c/w raising of ML passenger platform no. 2 at Dholpal & RL PF no. 2 at Rang mahal station, raising of RL PF no. 1 at Bugia Halt & Bangi Nihal Singh Halt station along with extension to 480mtrs, raising of ML PF no. 1 & 2 at Talwara Jheel & PF no. 1 at Dhaban station along with extn from 405 m to 480m & extension of HL PF no. 1 at Jaitsar station from 405 m to 580 m under ADEN/HMH-II, raising of ML PF no. 1& 2 at Sadulsahar station with extension to 580 m under ADEN/HMH-II, raising of ML PF no. 1 at Buglanwali Halt, Zorawarpura Halt, Sri Ramgarh Halt & Jorkian Halt station along with extension to 480m under ADEN/HMH-II, raising of ML PF no. 2 at Diplana, Khinaniyan & Sherekan station with extension from 405 to 580m under ADEN / HMH-II, raising of RL PF no. 1 at Manwala Kotbakhtu Halt, Ghahri Bhagi Halt & Nawan Halt station along with extension upto 480 mtrs, provision of 3m wide FOB at Dabli rathan, Kesri singh pur and provision of minimum essential amenities at various stations of BKN div to recoup shortfall in the jurisdiction of DEN/North/Bikaner over Bikaner division. अनुमानित लागत (रू.) : 18169988/- धरोहर राशि (रू.) : 363400/- निविदा संख्या : 36-EL-BKN-E-Tender-25-26 कार्य का विवरण : Electrical work in c/w augmentation of PF shelter at 15 Nos. NSG - 5 stations (Gogameri, Mandi Dabwali, Mahendragarh, Charkhi Dadri, Kosli, Bhattu, Mandi Adampur, Anupgarh, Hansi, Kalanwali, Raisinghnagar, Ellenabad, Gajsinghpur, Hanumangarh Town & Jaitsar) over Bikaner Division (Total 81 Bays at 23 Pfs) अनुमानित लागत (रू.) : 28907226/- धरोहर राशि (रू.) : 578200/- बाकी सभी शर्तें यथावत रहेंगी ।

वरिष्ठ मंडल बिजली इंजिनियर (सा), बीकानेर मंडल,

433-DR/26

सुविधाजनक सब-वे/रोड अंडर ब्रिज बनाने का रेल मंत्री का निर्देश

रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर इन रेल सब-वे/रोड अंडर ब्रिज से लगेगी रोक

जयपुर (कासं)। रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को अब रेलवे मिशन मोड में रोकेगा। सुविधाजनक सब-वे/रोड अंडर ब्रिज बनाकर इसे सुनिश्चित किया जाएगा। इसकी व्यापक तैयारियों के रूप में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के लिए एक वर्कशॉप की। जहाँ रेल पटरी के एक तरफ बस्ती है और दूसरी तरफ खेत, विद्यालय, श्मशान या अन्य उपयोगी एवं महत्वपूर्ण स्थान, ऐसे स्थानों पर ये रेल सब-वे/रोड अंडर ब्रिज बनाए जाएंगे। रेल मंत्री ने देशभर में ऐसी रेल सब-वे/रोड अंडर ब्रिज को बनाने का निर्देश दिया, जहाँ अपने रोजमर्रा के जीवन में बड़ी संख्या में लोग पटरियों को पार करते हैं। रेल मंत्री ने अधिकारियों को ऐसी सुविधाजनक रेल सब-वे/रोड अंडर ब्रिज बनाने को कहा जो पटरी पार करने वाले लोगों के लिए एक जीवनदायिनी विकल्प के रूप में उभरे। इन रेल सब-वे/रोड अंडर ब्रिज को बनाते समय यह ध्यान रखा जाएगा कि एक आम आदमी साइकिल, मोटर साइकिल तथा कामकाज से जुड़ी अन्य चीजों को भी अपने साथ ले जा सके। इससे देशभर में पटरी पार करते समय होने वाली

दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। देश की एक बड़ी आबादी के लिए भारतीय रेल की ये सब-वे/रोड अंडर ब्रिज वरदान साबित होंगे। रेल मंत्री ने अधिकारियों को देश की इस बड़ी समस्या से अगले 5-6 वर्षों में निजात दिलाने को कहा। ये सब-वे/रोड अंडर ब्रिज इस प्रकार से बनाए जाएंगे ताकि पटरियों के आर पार इनका निर्माण मात्र 12 घंटे में हो सके। रेल मंत्री ने कहा कि, डिज़ाइन इस प्रकार की हो, ताकि लोगों को इसे इस्तेमाल करने में कोई हिचक न हो। जल भराव से सब-वे/रोड अंडर ब्रिज प्रभावित न हो। रेल सब-वे/रोड अंडर ब्रिज बनाने का यह महत्वपूर्ण निर्णय पिछले कई दिनों से अधिकारियों के साथ चली आ रही मंत्रणा का परिणाम है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank — शाखा कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, ग्राउंड फ्लोर, तीसरी मंजिल न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ने आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा(ओं) के लिए मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है। ऋण को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति(ओं) (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था। हालांकि, इसकी तामील नहीं हुई है और इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कार्यदाता/सह-उधारकर्ता/ जमानतदाता का नाम (ऋण खाता संख्या) और पता	लागू की जाने वाली सुरक्षित संपत्ति का विवरण	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना के तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	चमन महाजन, अनीता गुप्ता उर्फ अनीता गुप्ता, मकान नंबर A-426, ग्रेटर मार्ग, राम मंदिर के पास, मालवीय नगर, जयपुर, राजस्थान- 302017., खाता नंबर LBJMN00006296343	निर्माण सहित 5 मरला (136 वर्ग गज) भूमि खसरा संख्या 471 मिन, खाता संख्या 595, खेसरा संख्या 45 (कार्य संख्या 60) में स्थित, राजस्व ग्राम पलौरा, तहसील जम्मू उत्तर, जम्मू, जम्मू और कश्मीर-181124	07/03/2026 रु. 34,28,614.75/-	21/01/2026
2.	चमन महाजन, अनीता गुप्ता उर्फ अनीता गुप्ता, मकान नंबर A-426, ग्रेटर मार्ग, राम मंदिर के पास, मालवीय नगर, जयपुर, राजस्थान- 302017., खाता नंबर LBJMN00006344861	भूमि और उस पर बना निर्माण, 5 मरला (136 वर्ग गज) खसरा संख्या 471 मिन, खाता संख्या 595, खेसरा संख्या 45 (कार्य संख्या 60) में स्थित, राजस्व ग्राम पलौरा, तहसील जम्मू उत्तर, जम्मू, जम्मू और कश्मीर - 181124	07/03/2026 रु. 62,746/-	21/01/2026

नोटिस की प्रतिभूतित आस्तियों के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपर्युक्त उधारकर्ताओं और/अथवा उनके पार्टीकार्डों (जो लागू हो) को सूचित किया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर बकाया राशि का भुगतान करें अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के उपबंधों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांकः 27 मार्च 2026
स्थानः जयपुर

सादर प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

Scanned with OKEN Scanner